1080510 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

खण्ड - 'क'

1. अपठित गद्यांश **5**

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है। भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा? इस प्रश्न को सुलझाने में या स्वप्न लेने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है। भविष्य के बारे में सोचिए जरूर लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए, क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अतः नींव को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे। अतः आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें। वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव बनती गई तो भविष्य रूपी इमारत भी अवश्य बन जाएगी। जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें। यह सोचते हुए समय खराब न करें कि हे भगवान ! मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं? ऐसा करने से आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए -

(क) विद्यार्थी के वर्तमान को प्रभावित करता है - **1**

(i) निर्धारित पाठ्यक्रम (ii) भविष्य का स्वप्न

(iii) परीक्षा का डर (iv) निर्धारित अंक न आना

(ख) भविष्य को वर्तमान पर हावी नहीं होने देना चाहिए - **1**

(i) क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव है ।

(ii) क्योंकि यही सफलता का रहस्य है ।

(iii) क्योंकि इससे समय नष्ट होता है ।

(iv) क्योंकि वर्तमान में जीना है ।

(ग) सफलता का मूलमंत्र है - **1**

(i) भविष्य का स्वप्न देखना ।

(ii) समय नष्ट करना ।

(iii) वर्तमान रूपी नींव मजबूत करना।

(iv) स्वप्न लेना, सोचना और उसके अनुसार कार्य करना।

(घ) भविष्य रूपी इमारत बनेगी - **1**

(i) जब निराशा को जीवन में स्थान देंगे ।

(ii) जब सोचते हुए समय खराब न करेंगे ।

(iii) जब वर्तमान रूपी नींव मजबूत बनेगी ।

(iv) जब हम प्रसन्नचित्त रहेंगे ।

(ङ) जो अपना समय नष्ट करते हैं - **1**

(i) उन पर सब लोग हँसते हैं । (ii) उन्हें सफलता प्राप्त होती है ।

(iii) समय उन्हें नष्ट कर देता है । (iv) समय उसका साथ देता है ।

2. अपठित गद्यांश : 5

समाज में सर्वाधिक साहस, सर्वाधिक ताकत यदि किसी के पास होती है तो वह युवा वर्ग के पास ही होती है। लेकिन ताकत सदैव अग्नि के समान होती है और अग्नि के विश्व में दो ही प्राकृतिक रूप विद्यमान हैं। एक रूप तो यह कि अग्नि जला सकती है और इस कदर जला सकती है कि सारे विश्व को राख के ढेर में बदल दे और दूसरा रूप यह है कि अग्नि प्रकाश दे सकती है और इस कदर प्रकाशित कर सकती है कि सारे विश्व में अंधकार समाप्त कर दे। किन्तु मनुष्य एक बुद्धिमान प्राणी है जो अग्नि के इन दोनों रूपों का प्रयोग अपने हित के लिए करना जानता है। यदि रोटी को बिना तवे की सहायता से सेंका जाए तो रोटी सिंक नहीं पाएगी, बल्कि जल जाएगी। जिस प्रकार मनुष्य को रोटी बनाने के लिए तवे की जरूरत पड़ती है, उसी प्रकार ताकत का इस्तेमाल करने के लिए संयम की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार तवा रोटी को जलने से बचाता है, रोटी की पकने में मदद करता है, उसी प्रकार संयम ताकत का सही दिशा में प्रयोग करना सिखाता है। सृजन करने में मदद करता है। ताकत का आप जिस दिशा में प्रयोग करेंगे, यह उसी दिशा में रंग दिखाएगी। किन्तु इतना समझ लीजिए कि जिस प्रकार अग्नि को विनाशक बनाना आसान है, सृजनकर्त्ता बनाना कठिन है, उसी प्रकार ताकत के प्रयोग से विनाश करना आसान है लेकिन निर्माण करना अत्यंत मुश्किल ।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए -

(क) समाज का सर्वाधिक साहसी और शक्तिशाली वर्ग - 1

(i) पुरुष वर्ग (ii) किशोर वर्ग

(iii) युवा वर्ग (iv) मजदूर वर्ग

(ख) अग्नि के रूप हैं - 1

(i) अग्नि सारे विश्व को राख के ढेर में बदल सकती है ।

(ii) अग्नि सारे विश्व के अंधकार समाप्त कर सकती है ।

(iii) अग्नि में ताकत होती है ।

(iv) अग्नि जला सकती है और प्रकाश दे सकती है ।

(ग) ताकत का सही इस्तेमाल करने के लिए आवश्यकता होती है - 1

(i) जल्दबाजी की (ii) संयम की

(iii) समय की (iv) मनुष्य की

(घ) ताकत के प्रयोग से आसान है - 1

(i) रोटी सेंकना (ii) साहस करना

(iii) निर्माण करना (iv) विनाश करना

(ङ) गद्यांश का शीर्षक होगा - 1

(i) ताकत का सही प्रयोग (ii) संयम

(iii) अग्नि (iv) साहस

3. अपठित काव्यांश : 5

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंजिल आसान करो !
हैं फूल रोकते, काँटे मुझे चलाते,
मरुस्थल, पहाड़ चलने की चाह बढाते,
सच कहता हूँ मुश्किलें न जब होती हैं,
मेरे पग तब चलने में भी शरमाते,
मेरे संग चलने लगें हवाएँ जिससे,
तुम पथ के कण - कण को तूफ़ान करो ।
मैं तूफानो में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो ।
फूलों से मग आसान नहीं होता है,
रुकने से पग गतिवान नहीं होता है,
अवरोध नहीं तो संभव नहीं प्रगति भी,
है नाश जहाँ निर्माण वही होता है,
मैं बसा सकूँ नव स्वर्ग धरा पर जिससे,
तुम मेरी हर बस्ती वीरान करो ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए :-

(क) कवि को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है - 1

(i) मंजिल से (ii) मार्ग की बाधाओं से
(iii) हवाओं से (iv) तूफानों से

(ख) यदि मार्ग में बाधाएँ नहीं आती तो - 1

(i) गति संभव नहीं होती । (ii) निर्माण संभव नहीं होता ।
(iii) प्रगति संभव नहीं होती । (iv) मार्ग आसान नहीं होता ।

(ग) निर्माण की संभावना वही होती है जहाँ - 1

(i) तूफान न आए । (ii) अवरोध न आए ।
(iii) बस्ती न हो। (iv) विनाश हो ।

(घ) कवि धरती पर क्या बसाना चाहता है ? 1

(i) अपना घर (ii) स्वर्ग
(iii) मंजिलें (iv) रास्ते

(ङ) कवि दुनिया से क्या प्रार्थना कर रहा है ? 1

(i) दुनिया उसके रास्तों पर फूल बिछा दे । (ii) दुनिया उसकी बस्ती को वीरान बना दे ।
(iii) दुनिया उसकी राह में तूफान उठा दे । (iv) दुनिया उसके मार्ग को आसान न बनाए ।

4. अपठित काव्यांश : **5**

एक दिवस
प्रेम, विज्ञान ने
आपस में बातें की ।
ऊँचा कर शीश
और तान निज वक्ष तनिक
विज्ञान बोला यों -
सुन रे ओ प्रेम,
वायु में उड़ाया,
गहरे पानी पठाया,
ऊँचे शिखरों पर चढ़ाया,
मैंने ही मानव को।
मैंने ही मोड़ डाला
अनगिन सरि - धारों को,
मरुथल - पहाड़ों को,
मेरा सहारा ले
मानव पदों ने
चप्पा चप्पा भी रौंद डाला ।
सुन रे, ओ प्रेम,
मैंने मौसम बदल डाला।
ग्रीष्म में शीत और,
शीत में ग्रीष्म कर
पहुँचाया कितना है
सुख मैंने मानव को ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :-

(क) वार्तालाप किन दोनों के बीच हुआ ? **1**

(i) ज्ञान और विज्ञान में (ii) मरुस्थल और पहाड़ में
(iii) प्रेम और विज्ञान में (iv) मानव और विज्ञान में

(ख) किसके सहारे मानव ने धरती को रौंद डाला ? **1**

(i) ज्ञान (ii) विज्ञान
(iii) प्रेम (iv) शीश

(ग) विज्ञान के कारण मौसम में क्या बदलाव आया ? **1**

(i) गरमी में सरदी और सरदी में गरमी (ii) गरमी में गरमी और सरदी में सरदी
(iii) मौसम में कोई बदलाव नहीं (iv) सरदी में हिमपात

(घ) विज्ञान ने मनुष्य को कहाँ पहुँचाया ? **1**

(i) आकाश में (ii) सागर में

(iii) पहाड़ों पर (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) इस काव्यांश का शीर्षक होगा - **1**

(i) प्रेम (ii) विज्ञान

(iii) ज्ञान (iv) प्रेम और विज्ञान

खंड-'ख'

5. (i) जो शब्द प्रयोगानुसार परिवर्तित नहीं होते, वे कहलाते हैं - **1**

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम

(ग) अविकारी (घ) विकारी

(ii) व्याकरण के नियमों में बंधने से शब्द, शब्द न रहकर बन जाते हैं - **1**

(क) अर्थ (ख) वाक्यांश

(ग) पद (घ) पदबंध

(iii) <u>सामने के मकान में रहने वाला</u> लड़का अच्छा नहीं है । रेखांकित में पदबंध का भेद है - **1**

(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा

(ग) क्रिया (घ) विशेषण

(iv) फूलों पर भँवरे <u>मंडरा रहे हैं</u>। रेखांकित में पदबंध का भेद है - **1**

(क) क्रिया विशेषण (ख) क्रिया

(ग) विशेषण (घ) संज्ञा

6. (i) मैं खाना बना <u>सकती हूँ</u>। रेखांकित पद का परिचय है - **1**

(क) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, मध्यम पुरुष ।

(ख) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, अन्य पुरुष ।

(ग) सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, उत्तम पुरुष ।

(घ) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, उत्तम पुरुष, कर्तृवाच्य

(ii) यह <u>लड़का</u> बहुत चालाक है। रेखांकित पद का परिचय है । **1**

(क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक, है क्रिया का कर्ता

(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक, है क्रिया का कर्म

(ग) सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक, है क्रिया का कर्ता

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ताकारक, है क्रिया का कर्म

(iii) संकट आ जाए तो घबराना उचित नहीं। रचना के आधार पर वाक्य का भेद है। 1

(क) संयुक्त (ख) मिश्र

(ग) सरल (घ) आज्ञार्थक

(iv) उसके पास सब कुछ था और सब खो गया । इससे बना मिश्र वाक्य है - 1

(क) उसके पास जो कुछ था गया ।

(ख) उसके पास जो कुछ था, वह खो गया ।

(ग) उसके पास जो कुछ था और वह खो गया ।

(घ) चूँकि उसके पास जो कुछ था वह खो चुका है ।

7. (i) मैं बाजार गया और सामान खरीदा । रचना के आधार पर वाक्य का भेद है - 1

(क) मिश्र (ख) संयुक्त

(ग) सरल (घ) संकेतवाचक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है - 1

(क) प्रातःकाल होते ही चिड़ियाँ चहचहाने लगीं।

(ख) जैसे ही प्रातःकाल हुआ, चिड़ियाँ चहचहाने लगीं ।

(ग) प्रातःकाल हुआ और चिड़ियाँ चहचहाने लगीं ।

(घ) प्रातःकाल चिड़ियों ने चहचहाना शुरू कर दिया।

(iii) 'गुरूपदेश' का संधि विच्छेद है - 1

(क) गुरु + उपदेश (ख) गुरू + उपदेश

(ग) गुरू + पदेश (घ) गुरुप + देश

(iv) ' वधू + आगमन' की संधि है - 1

(क) वधूआगमन (ख) वध्वागमन

(ग) वधवागमन (घ) वधोगमन

8. (i) 'धर्मार्थ' में स्वर संधि का कौन सा भेद है ? 1

(क) यण (ख) दीर्घ

(ग) गुण संधि (घ) वृद्धि संधि

(ii) 'स्वरचित' समस्तपद का विग्रह है - 1

(क) स्वर से रचित (ख) सु रचित

(ग) स्वर से चित (घ) स्व से रचित

(iii) धर्म से विमुख का समस्तपद है - 1

(क) धर्ममुख (ख) धर्मविमुख

(ग) धर्मोख (घ) धर्माविमुख

(iv) निम्नलिखित में किस समस्तपद में कर्मधारय समास है ? 1

(क) ग्रंथरत्न (ख) शरणागत

(ग) बेशक (घ) नर - नारी

9. (i) सास ने बहू को ऐसे - ऐसे ताने मारे कि उसके _____ हो गए। 1

उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) जिगर के टुकड़े - टुकड़े होना (ख) प्राण निकलना

(ग) कलेजा मुँह को आना (घ) घाव पर नमक छिड़कना

(ii) पहले तो रमेश ने परीक्षा की तैयारी नहीं की जब प्रश्न-पत्र देखा तो _____ गए । 1

(क) हाथ न आना (ख) हाथ पाँव फूलना

(ग) कान काटना (घ) हाथ खड़े करना

(iii) 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ है - 1

(क) अत्यधिक डर जाना (ख) अत्यधिक आग

(ग) आग से जलना (घ) अत्यधिक गुस्सा होना

(iv) 'छोटा मुँह बड़ी बात' लोकोक्ति का अर्थ है - 1

(क) छोटे मुँह से बड़ी बात करना (ख) अपनी स्थिति से बढ़ चढ़कर बात करना

(ग) बड़ी - बड़ी बातें बताना (घ) अपनी स्थिति के बारे में बात करना

खण्ड - 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए : 5

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।
ऐसै घटि घटि राँम है, दुनिया देखै नाँहि ॥
विरह भुवंगम तन बसै मंत्र न लागै कोई ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होई ॥

(i) कस्तूरी और मृग के उदाहरण से कवि ने यह समझाया है कि - 1

(क) ईश्वर का वास कस्तूरी में होता है ।

(ख) ईश्वर का वास मंदिरों में होता है ।

(ग) ईश्वर का वास मनुष्य के भीतर होता है ।

(घ) ईश्वर का वास मृग में होता है ।

(ii) 'घटि घटि राम' का आशय है - **1**

(क) घाट - घाट में राम (ख) घट - घट में राम

(ग) कंकड़ - कंकड़ में राम (घ) क्षण - क्षण में राम

(iii) विरह रूपी सर्प पर काम नहीं करता - **1**

(क) मंत्र (ख) यंत्र

(ग) तंत्र (घ) संयंत्र

(iv) पागल का - सा जीवन व्यतीत करता है - **1**

(क) राम - रोगी (ख) राम - योगी

(ग) राम - वियोगी (घ) राम - नीरोगी

(v) मृग वन में ढूँढता है - **1**

(क) कस्तूरी (ख) कुंडली

(ग) राम (घ) नाम

अथवा

गिरि का गौरव गाकर झर - झर
मद में नस - नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !

गिरिवर के उर से उठ - उठकर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंता पर ।

(i) पर्वतों का यशगान कौन कर रहे हैं ? **1**

(क) पेड़ (ख) नदी

(ग) नाले (घ) झरने

(ii) वृक्ष किनकी इच्छाओं के समान हैं ? **1**

(क) वनों (ख) आकाश

(ग) पर्वतों (घ) झरनों

(iii) झरने सुंदर प्रतीत हो रहे हैं - **1**

(क) मोती की लड़ियों जैसे (ख) झाग के समान

(ग) बादल के समान (घ) हार के समान

(iv) वृक्ष कहाँ झाँक रहे हैं ? **1**

(क) बादलों से भरे आकाश में (ख) तालाब में

(ग) शांत आकाश में (घ) बिजली कड़कते आकाश में

(v) वृक्ष कैसे लग रहे हैं ? **1**

(क) अशांत (ख) शांत

(ग) धँसे हुए (घ) चिंता में डूबे हुए

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संक्षेप में लिखिए - **2x2.5=5**

(क) छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम टेबिल बनाते समय क्या - क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया ?

(ख) आज जो बात थी वह निराली थी। - किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए ।

(ग) दरअसल तीसरी कसम फिल्म की संवेदना दो से चार बनाने वाले की समझ से परे है - कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है ?

12. शैलेन्द्र का निजी जीवन कैसा था ? स्पष्ट कीजिए । **5**

अथवा

बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव को किताबी ज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण किस प्रकार सिद्ध किया है ?

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **5**

जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी। पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था कि अमुक - अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती। जो लोग काम करने वाले थे उन सबको इंसपेक्टरों के द्वारा नोटिस और सूचना दे दी गई थी कि आप यदि सभा में भाग लेंगे तो दोषी समझे जाएँगे। इधर कौंसिल की तरफ से नोटिस निकाला गया था कि मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा तथा स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी। सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए। खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

(क) पुलिस कमिश्नर ने क्या नोटिस निकाला था ? **2**

(ख) कौंसिल की तरफ से क्या नोटिस निकाला गया था ? **2**

(ग) सभा को ओपन लड़ाई क्यों कहा गया था ? **1**

अथवा

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ, ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा - बहुत पढ लिया करता था वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाजी को ही भेंट होता था। फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नजर बचाकर कनकौए उड़ाता था।

(क) भाई साहब के व्यवहार में क्या अंतर आया ? **2**

(ख) लेखक पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **2**

(ग) लेखक को कौन-सा नया शौक लग गया था ? **1**

14. (क) पावस ऋतु में प्रकृति में कौन - कौन से परिवर्तन आते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **2**

(ख) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? **2**

(ग) कविता से तोप के विषय में क्या जानकारी मिलती है ? **1**

15. हरिहर काका तथा लेखक के संबंधों की जानकारी दीजिए । **3**

अथवा

हरिहर काका के मन में अपने परिवार वालो के प्रति क्रोध का भाव क्यों उत्पन्न हुआ ?

16. ठाकुरबाड़ी से लौटने पर हरिहर काका के भाइयों ने उनके साथ कैसा व्यवहार किया ? **2**

खण्ड - घ

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें - **5**

(क) दिल्ली मेट्रो : एक सफर सुहाना

- मेट्रो की आवश्यकता
- दिल्ली की जीवन रेखा
- समय की बचत
- सुविधाजनक यात्रा

(ख) ग्लोबल वार्मिंग

- धरती का बढ़ता तापमान
- बदलता मौसम चक्र
- समस्या के कारण
- समाधान

(ग) इंटरनेट की दुनिया

- विज्ञान का चमत्कार
- विभिन्न जानकारी का स्रोत
- विद्यार्थी के जीवन में इसका महत्व
- वरदान भी, अभिशाप भी

18. गर्मी की छुट्टियों में अपने विद्यालय में खेल - शिविर आयोजित करवाने का निवेदन करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । **5**

अथवा

अपनी किसी मौलिक रचना की विशेषताएँ बताते हुए रचना प्रकाशित करवाने के लिए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

- o O o -